भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3660**

17 दिसंबर, 2024 को उत्तरार्थ

**विषय: पुष्पकृषि और बागवानी के लिए विशेष क्षेत्रों की स्थापना**

**3660. श्री के. गोपीनाथः**

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का होसुर क्षेत्र में पुष्पकृषि और बागवानी के लिए विशेष क्षेत्रों की स्थापना का कोई प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)**

**(क) और (ख):** तमिलनाडु राज्य सरकार ने एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) योजना के तहत वित्तीय सहायता से कृष्णागिरी जिले के तल्ली में कट फ्लावर्स के लिए उत्कृष्टता केंद्र और होसुर में एक अंतरराष्ट्रीय फूल नीलामी (औक्सन) केंद्र की स्थापना की है। होसुर क्षेत्र में पुष्पकृषि और बागवानी विशिष्ट जोन की स्थापना का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****